अपील सूचना अधिकार संख्या 02/2021 (GCMS 2021/02) मदन सिंह पुत्र स्व. श्री मोहब सिंह राठौड़ निवासी ग्रा.पो. लादड़िया वाया दूधवाखारा तहसील व जिला चुरू (राज.) – 331029 बनाम तहसीलदार (राजस्व), घड़साना

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

02.02.2021

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी मदन सिंह स्वयं उपस्थित नहीं है। रेस्पोडेंट की ओर से श्री कमल किशोर, क.स. कार्यालय तहसील घड़साना उपस्थित है। **पत्रावली का अवलोकन किया** तो पाया कि अपीलार्थी ने दिनांक 09.11.2020 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), नई मण्डी घड़साना को आवेदन प्रस्तुत करके पांच बिन्दुओं की सूचना चाही थी जो लोक सूचना अधिकारी ने उन्हें निश्चित समयावधि में उपलब्ध नहीं करवाई है। इसलिए लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), घडसाना को दण्डित करने एवं अविलम्ब बिन्दुवार सूचना दिलवाने की प्रार्थना की ळैं

मैनें पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी जसवीर सिंह ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 09.11.2020 के द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), घडसाना से निम्न सूचना चाही थी :

1. श्रीमानजी कार्यालय तहसीलदार (राजस्व), घड़साना की उपस्थिति पंजिका दिनांक 01 सितम्बर 2020 से 30 सितम्बर 2020 की फोटो प्रति प्रमाणित प्रदान करें।
2. श्रीमान्जी कार्यालय तहसीलदार (राजस्व), घडसाना की गाडी संख्या आरजे 13 यू ए 3978 दिनांक 14.09.2020 को डीजल प्राप्त करने हेतु मैसर्स लेखा फिलिंग स्टेशन (पेट्रोल पम्प) घड़साना को जारी रसीद संख्या 178 की प्रमाणित फोटो प्रति प्रदान करें।
3. श्रीमानजी कार्यालय तहसीलदार (राजस्व), घड़साना की

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahavir Prasad Verma
Date: 2021.03.25 15:53:16 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

संख्या आरजे 13 यू ए 3978 में लेगा फिलिंग स्टेशन घड़साना द्वारा भराया गया डीजल (एच.एस.डी.) 47 लीटर दिनांक 14.09.2020 का चालान एवं बिल की प्रमाणित फोटो प्रति प्रदान करें।

4. श्रीमानजी कार्यालय तहसीलदार (राजस्व) घड़साना की गाडी संख्या आरजे 13 यू ए 3978 की दिनांक 14.09.2020 की लोग बुक की प्रमाण्ति फोटो प्रदान करें।

5. श्रीमानजी कार्यालय तहसीलदार (राजस्व) घड़साना में प्रतिनियुक्ति पद श्री मदन सिंह राठौड वाहन चालक के निवास स्थान घड़साना का क्वार्टर नं. एवं मदन सिंह राठौड द्वारा मकान संबंधी प्रार्थना पत्र एवं कार्यालय के कार्मिक राजेश कुमार, चुन्नीलाल व श्रवण कुमार आदि के द्वारा उक्त आदेशों की प्रति न लेने बाबत शपथ पत्रों की प्रमाणित फोटो प्रति प्रदान करें।

लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), घड़साना ने अपने पत्रांक विविध/सू.का.अ./2020/906 दिनांक 21.12.2020 से प्रार्थी को निम्नानुसार सूचना दी हैः

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत चाही गई सूचना के संदर्भ में लेख है कि बिन्दु संख्या 1 से 5 में चाही गयी सूचना से संबंधित दस्तावेजों की कुल पृष्ठ 15 है जो कि निर्धारित शुल्क 2/– रूपये प्रति पृष्ठ शुल्क नियमानुसार जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अतः लेख है कि [illegible]नुसार निर्धारित शुल्क नियमानुसार जमा करवाये ताकि संबंधित दस्तावेज की प्रतिलिपि आपको उपलब्ध करवाई जा सके।

तहसीलदार (राजस्व)
घड़साना

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahavir Prasad Verma
Date: 2021.03.25 15:53:16 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

चूंकि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.11.2020 के सम्बन्ध में तहसीलदार (राजस्व), घड़साना द्वारा अपने पत्र दिनांक 21.12.2020 से प्रार्थी को उक्तानुसार जवाब दिया जा चुका है एवं प्रार्थी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधान अनुसार राजकोष में शुल्क जमा कर वांछित सूचना प्राप्त कर सकता है।

अतः उक्त विवेचन अनुसार अपीलार्थी की अपील निस्तारित की जाती है। **आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार (राजस्व), घड़साना** को पालनार्थ एवं अपीलार्थी को सूचनार्थ निर्णय की प्रति भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब़ तकमी़ल दाखि़ल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 02.02.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(महावीर प्रसाद वर्मा)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahavir Prasad Verma
Date: 2021.03.25 16:53:16 IST
Reason: SelfAttested